तेलशोधक कारखानों का आधुनिकीकरण

2185. **श्री शांति त्यागी** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन ऑयल कारपोरेशन ने तेलशोधक कारखानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने और उनके आधुनिकीकरण के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कितनी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन किया जाएगा और इस उत्पादन के बावजूद कितनी मात्रा में उनका आयात किया जाएगा ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) इंडियन ऑयल कारपोरेशन की रिफाइनरियों की निम्नलिखित विस्तार परियोजनाएं अनुमोदन/कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं :–

परियोजना/लोकेशन का नाम	सृजित की जाने वाली अतिरिक्त प्रस्तावित क्षमता (मि.मी. टन प्रति वर्ष में)
कोयाली रिफाइनरी	3.00
बरौनी रिफाइनरी	0.5
गुवाहाटी रिफाइनरी	0.15
बाहाटी रिफाइनरी	0.15

(ग) यह अनुमान है कि आठवीं योजना की समाप्ति पर/नवीं योजना के शुरू में देश की कुल शोधन क्षमता करीब 73 मिलियन टन प्रतिवर्ष हो जाएगी।

आठवीं योजना की समाप्ति पर आयात की जाने वाली अनुमानित मात्रा करीब 15 मि. मी. टन की है।

गुजरात में रसोई गैस की कमी

2186. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गुजरात में रसोई गैस की भारी कमी है;

(ख) यदि हां, तो इस कमी के क्या कारण हैं;

(ग) गुजरात को रसोई गैस के सिलेंडरों की तत्काल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) गत वर्ष के दौरान प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की जिलेवार संख्या कितनी थी ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जब कभी भी कम आपूर्ति की रिपोर्ट/शिकायतें प्राप्त होती हैं, अपेक्षित रिफिलों की आपूर्ति के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है।

(घ) यद्यपि सरकार द्वारा जिलावार प्रतीक्षा-सूची नहीं रखी जाती है, दिनांक 1.4.1992 को गुजरात राज्य की प्रतीक्षा-सूची 6.08 लाख की थी।